वर्ष 1 - अंक 16
शनिवार 7 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



## प्रशासन की बातों का
# नहीं है खौफ
## बेखौफ खड़ा है भूमाफिया मोहन पहवानी का अवैध कब्जा



आदित्य शर्मा

इंदौर। केट की भूभी पर हे कब्जा मोहन पहवानी का पटवारी द्वारा दी गई थी पंद्रह दिन की मोहलत परन्तु नहीं हटा कब्जा क्या आजकल भू माफिया के हौसले इतने बुलंद हो गए हे कि प्रशासन की बातों को भी अनदेखा कर रहे पटवारी द्वारा भू माफिया मोहन पहवानी को पंद्रह दिन की मोहलत दी थी परन्तु कब्जा अभी वही का वही बना हुआ हे क्या प्रशासन का भी डर नहीं हे भूमाफिया को अब देखने वाली बात यह हे की प्रशासन की कब नींद खुलती हे और कब मोहन पहवानी भूमाफिया का अवैध कब्जा हटेगा।

## ऑनलाइन पढ़ाई, गेम खेलने या डिजिटल काम के दौरान भी
# सावधानियों से न रहे बेखबर

### क्योंकि साइबर क्रिमिनल्स हमारी हर गतिविधियों पर रख रहे है नजर



**Resonance Coaching institute और shri Ayyappa public higher secondary school में भी लगी, इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला।**

**कैसे होते हैं साइबर अपराध और कैसे इनसे बचा जाए, स्टूडेंट्स ने सीखी यह बारीकियां।**

**इंदौर**

वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर, पुलिस टीम के साथ आज दिनांक 06-12-24 को दो स्थानों 1. Resonance Coaching और 2. श्री अय्यपा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर में पहुंचकर वहां के स्टूडेंटस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत Resonance Coaching इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, अपनी 338 वीं कार्यशाला में Resonance Coaching के करीब 150 स्टूडेंट्स एवं अपनी 339 वी कार्यशाला का आयोजन श्री अय्यपा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर मे किया जिसमे 250 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया आदि द्वारा किए जाने वाले क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन-1930, cybercime.gov.in तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने सभी से स्टूडेंट्स से कहा कि, इस दिन प्रतिदिन बदलती नई-नई टेक्नोलॉजी से हम रोज परिचित हो रहे है। ये वर्चुअल दुनिया हमें जितनी आकर्षक लगती है उतनी खतरनाक भी है। यहां की हमारी हर गतिविधि पर इन साइबर क्रिमिनल्स की नजर है। और आजकल तो हम अपना लगभग सारा काम ही ऑनलाइन कर रहे हैं पढ़ाई , घर के काम, शॉपिंग, बैंकिंग आदि ऑनलाइन तरीकों से ही कर रहे है। तथा आप लोग तो नए नए गेम और तकनीकों का भी उपयोग कर रहे हैं इसलिए और ज्यादा सतर्क रहना जरूरी है।

**अंत**

हम पूर्ण सतर्कता और सावधानी के साथ डिजिटल काम, फाइनेंसियल कार्य, ऑनलाइन गेम तथा सोशल मीडिया का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर न करें। इंदौर पुलिस के साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकता है।

# बांग्लादेश में हों रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सचिव बैठे धरना प्रदर्शन में

## शासकीय आचार संहिता की उड़ रही धज्जियां




**उमरिया।**

उमरिया। देश भर में बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहें अत्याचार के विरोध में चल रहे विराट धरना प्रदर्शन के क्रम में आज उमरिया जिले में भी सनातन चेतना मंच व्दारा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया था , इस प्रदर्शन में करकेली जनपद पंचायत की देवगवां खुर्द के सचिव भंडारी सिंह ने भी भाग लेकर बांग्लादेश के विरुद्ध अलख जगाई । हिन्दुओ के समर्थन में प्रदर्शन किया जाना हो सकता है कि बहुसंख्यक समाज और सत्तासीन दल को जायज़ लगे, लेकिन धरना प्रदर्शन में कौन शामिल होगा और कौन बाहर से समर्थन करेगा, इसके लिए भी एक आचार संहिता बनायीं जाती है । इस तरह के धरना-प्रदर्शन में किसी शासकीय कर्मचारियों के भाग लेने की स्वतंत्रता कदापि नहीं हो सकती, फिर भी ग्रामीण विकास विभाग का कर्मचारी आखिर किसके अनुमति से इस तरह के आंदोलनो में भाग ले रहे हैं । जानकार सूत्रों के अनुसार यह पहला अवसर नहीं जब भंडारी सिंह सचिव के दायित्व में रहते हुए इस तरह के आयोजनों में भाग ले रहे हों ,यह उनके कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है । भंडारी सिंह सचिव के स्वेच्छाचारिता के कहानियों में सिर्फ एक कड़ी जुड गयी है । सवाल उठता है कि आचार संहिता की धज्जियां उड़ानें वाले क्या यह अवकाश पर थें और इस आंदोलन में भाग लेने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति ली गयी थी । यद्यपि जग जाहिर है कि भंडारी सिंह सचिव कम बड़े महराज जी के नाम से ज्यादा ख्याति लब्ध है और उनका पूरा समय ज्वाला धाम में व्यतीत होता है फिर भी दशकों से सरकार के खजाने से वेतन भत्ते का पूरा लाभ उठा रहे हैं , हां पंचायत के विकास कार्यों के नाम पर शासकीय धन राशि मे गोल माल करने के लिए ही पंचायत की बागडोर संभाल रहे हैं । अपेक्षा है कि जिला प्रशासन अपने मातहत कर्मचारियों की इस स्वेच्छाचारिता पर रोक लगाने के लिए आवश्यक पहल करेंगे ।

### कलेक्टर ने कहा

इस सन्दर्भ में जिले के कलेक्टर धरणेन्द जैन जी से बात की गयी तों उन्होंने मामले में गोल माल जबाब देते हुए कहा कि अभी यह मामला मेरे जानकारी में आया है , बिना प्रमाण के मैं कुछ नहीं कह सकता , यद्यपि आगे पूरी चर्चा हुए ही फोन काट दिया ।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 07 दिसंबर से 24 मार्च तक

## 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया जाएगा अभियान का शुभारंभ आज से होगा

उज्जैन, 06 दिसंबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मंशानुरूप 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाए जाने के उददेष्य को दृष्टिगत रखते हुए 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस 05 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्री अनिल जैन जी कालूहेड़ा महापौर श्री मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, डॉ.अशोक कुमार पटेल सी.एम. एच.ओ., डॉ.रेणुका डामोर जिला क्षय अधिकारी, डॉ.आदित्य माथुर जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट व एनटीईपी स्टॉफ आदि उपस्थित थे।



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार द्वारा देश के 347 हाई प्रियारटी जिलों में शनिवार 07 दिसम्बर से 24 मार्च-2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 23 जिलों में अभियान के रूप में निक्षय शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत शनिवार 07 दिसंबर को उज्जैन जिले में एवं विकासखण्ड स्तर निम्नानुसार गतिविधियां की जाएगी – शनिवार को 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का शुभांरभ मातृ एवं शिशु चिकित्सालय (चरक भवन) जिला उज्जैन में किया जावेगा। कार्यक्रम शुभांरभ के अवसर विधायक श्री अनिल जैन जी कालूहेड़ा एवं सभापति श्रीमती कलावती यादव उपस्थित रहकर निक्षय वाहन को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभांरभ करेंगे। शुभांरभ अवसर पर पार्षदगण, गणमान्य एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

शुभांरम दिवस पर अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जाकर, टीबी मरीजो को सामग्री का वितरण किया जावेगा। इसके अतिरिक्त आगामी 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान अंतर्गत निम्नानुसार गतिविधियां आयोजित की जावेगी। क्षय रोगियों की पहचान हेतु अधिकतम स्क्रीनिंग तथा टीबी नोटिफिकेशन किया जाएगा। 3500 प्रति लाख जनसंख्या के मान से प्रीसूमेटिव टीबी टेस्टिंग करना, जिसमें 85 प्रतिशत से अधिक अपफ्रंट नॉट टेस्टिंग किया जाएगा। 100 प्रतिशत क्षय रोगियों की एनपीवाय का लाभ दिया जाना साथ ही शत-प्रतिशत क्षय रोगियों की सहमति प्राप्त की जाकर अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाए जाकर टीबी मरीजो को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा। अधिकाधिक ग्राम पंचायतों का टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत प्रमाणीकरण करेंगे। शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियां जन प्रतिनिधिगणो से शुभारंभ, प्रचार-प्रसार, नारा लेखन, अपील, निक्षय मित्र, फूड बास्केट वितरण, शपथ का आयोजन, टीबी चैंपियन आदि गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

# पं ओंकार प्रसाद गौतम का निधन

### क्षेत्र में शोक की लहर

**चंदिया**

ग्राम घोघरी निवासी पं ओंकार प्रसाद गौतम का दुखद निधन बीते दिनों कटनी में हो गया। 84 वर्षीय श्री गौतम कई दिनों से बीमार थे।वो अपने पीछे पत्नी एवं तीन पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए। ओंकार गौतम पत्रकार विजय तिवारी के ससुर थे। उनके निधन पर जिले के पत्रकार संजय तिवारी, इनायत खान, जीवन यादव, लालजी तिवारी, प्रवीण तिवारी, संपत कुमार, मनीष सिंह, नीरज सिंह, राम स्वयंवर शर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# अपराध पर जीरो टॉलरेंस पर पानी फेर रही पुलिस

उमरिया जिले के नौरोजाबाद में अवैध गतिविधियां की भरमार है, अवैध शराब और नशे का सामान बड़ी ही आसानी से मिल रहा है, इसके अलावा एक सफेदपोश नेता के घर रात को जुएं का फड़ हर रोज संचालित हो रहा है, जिसकी भनक शायद खाकी को है मगर कार्यवाही करने की हिमाकत नहीं कर पा रही है और जिला पुलिस की मुखिया की सोच और अपराध पर जीरों टालरेंस के सपनों पर पुलिस जमकर पानी फेर रही हैं। सफेदी का डर दिखाकर हो या फिर नोटों के सहारे हो रात के अंधेरे में घर पर ही जुएं का खेल खेला जा रहा है। नशे के अवैध काम से लेकर हर वह काम जो शायद कोई न कर सके वह काम एक सफेदपोश नेता जी करते जा रहे हैं। जिन पर हाथ रखाना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं है। हालांकि एस पी के जीरों टालरेंस अपराध पर जुएं की फड़ एक बदनाम दाग है।

# सिंधी कॉलोनी चौराहा दुर्घटना मामले में पत्रकार की ईमानदारी का उदाहरण

उज्जैन। पुलिस हाल ही में सिंधी कॉलोनी चौराहा पर हुई एक सड़क दुर्घटना के दौरान एक अत्यंत सराहनीय घटना सामने आई है। दुर्घटनास्थल पर एक पत्रकार ने 20,000 का चेक पाया। अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए, पत्रकार अमृत बैंडवॉल ने चेक को तुरंत पुलिस अधीक्षक (एसपी) उज्जैन के पास जमा कर दिया।

पत्रकार अमृत बैंडवॉल का यह कृत्य समाज में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को स्थापित करने का एक अद्वितीय उदाहरण है। उनके द्वारा चेक को पुलिस को सौंपना यह दर्शाता है कि सच्चाई और नैतिकता आज भी हमारे समाज में जीवित हैं।

पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने पत्रकार अमृत बैंडवॉल की इस ईमानदारी के लिए उनकी प्रशंसा की और धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं और दूसरों को प्रेरित करती हैं।



उज्जैन पुलिस विभाग इस ईमानदार पत्रकार की सराहना करता है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। यह घटना यह साबित करती है कि एक नागरिक का छोटा सा कदम भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा

## स्थापना दिवस समारोह मनाया



**धार,**

डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड धार में शुक्रवार को 78वॉं होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह थे। इस समारोह में होमगार्ड के चार प्लाटूनों को सम्मिलित कर परेड का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर अश्विन चौधरी द्वारा किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा महामहिम राष्ट्रपतिजी, प्रधानमंत्री जी, गृह मंत्री जी एवं महानिदेशक अग्नि सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक गृह मंत्रालय भारत सरकार के संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट आरपी मीना के द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिक एवं होमगार्ड, एसडीईआरएफ के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।











# हत्याकांड

## परदेशि पुरा थाना क्षेत्र में एक युवक का सिर कुचलकर हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया गया

**फिलहाल पूरे ही मामले की जानकारी जब परदेसी पुरा पुलिस को लगी तो परदेसी पुरा पुलिस पूरे मामले में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।**



परदेशिपुरा पुरा पुलिस को अल सुबह यह सूचना मिली कि परदेसी पुरा थाना क्षेत्र के चंपालाल अखाड़े के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल पहुंची ,तो वहीं पूरे ही मामले की काफी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है तो वही परदेसी पुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी का कहना है कि मृतक के हाथ पर कमलेश और दिल का निशान होने के बाद पूजा लिखा हुआ है फिलहाल मृतक के शरीर पर सिर और अन्य जगहों पर घाव के निशान भी है, इससे यह प्रतीत हो रहा है कि किसी ने सिर कुचलकर इस पूरे हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए, फिलहाल पूरे ही मामले में युवक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है लेकिन उसके हाथ पर लिखे नाम के आधार पर पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचाने की बात पुलिस के द्वारा की जा रही है फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में कब तक आरोपियों को गिरफ्तार करती है,यह देखने लायक रहेगा लेकिन इंदौर में इस तरह के घटनाक्रम एक के बाद एक सामने आ रहे है जो कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।




# ठक-ठक गैंग

## ठक-ठक गैंग के विरुध्द कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

शहर मे अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु, आसमाजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त आरोपियो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये है।

इंदौर – पुलिस थाना आजादनगर पर रहवासियों से लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि मुसाखेडी चौराहे से तीन इमली ब्रिज के बीच ठक-ठक गैंग के आरोपी सुनसान जगहों पर अकेले खड़े बाइक व कार चालक को फर्जी एक्सीडेंट या लड़की छेडखानी के नाम पर जबरन रूपये ऐठते थे। उक्त शिकायतों पर पुलिस उपायुक्त जोन 1 नगरीय इन्दौर श्री विनोद कुमार मीणा द्वारा ठक-ठक गैंग को पकडने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया जिसे सादा वर्दी में फरियादी द्वारा बताए गये घटना स्थल पर तैनात किया गया।



पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच पडताल कर ठक-ठक गैंग को पकडकर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुध्द थाना आजादनगर में अपराध धारा 308 (5),296,115 (2), 3 (5) बीएनएसएस मे प्रकरण पंजीबध्द किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त गैंग के सदस्यो के मोबाईल में जबरन ऑनलाईन रूपयों के ट्रांस्फर कराने के स्क्रिनशॉट भी आरोपियों के मोबाईल में मिले है। पुलिस टीम द्वारा ठक-ठक गैंग से अन्य पूछताछ की जा रही है एवं अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।